### एक नजर में

#### दो दिन बंद रहेगी मंडी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 22 नवम्बर, का.** स्थानीय कृषि उपज मंडी में आज और कल दो दिन अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज माह का चौथा रविवार होने तथा कल सोमवार साप्ताहिक अवकाश के चलते दो दिन स्थानीय कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य नहीं होगा. अवकाश के इन दो दिन में किसान बंधुओं से अपनी उपज विक्रय के लिए मंडी में नहीं लाने का आग्रह किया गया है.

#### नायब तहसीलदार ने एसआईआर को लेकर दौरा किया

**झाडला 22 नवंबर, सं.** नायब तहसीलदार कुरावर सुश्री सुनीता सिंह द्वारा झाड़ला में आम जनमानस को स्पेशल इंटेन्शिव रिवीजन के संबंध में समझाईस दी. निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओ के लिए सन 2003 की मतदाता सूची से 2025 की सूची का सत्यापन होने की जानकारी दी. उन्होंने गणना पत्रक वितरण की जानकारी एवं सत्यपान की जानकारी बीएलओ से ली. साथ ही ग्रामीणओ से कहा की बूथ लेवल ऑफिसर से गणना पत्रक को अच्छे से समझ कर भरे. झाडला पंचायत भवन मे भाग संख्या 208 और 209 के बीएलओ और टीम को जल्दी से जल्दी कार्य करने के निर्देश दिए. इस मौके गांव के बीएलओ दिनेश कुमार गुप्ता, अवध वर्मा, सरपंच देवीप्रसाद देरवाल, पटवारी शिवम सिंह, पटवारी संदीप श्रीवास्तव, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

#### पड़ाना में सप्तशती संगम कार्यक्रम संपन्न



**पड़ाना 22 नवंबर, सं.** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में शनिवार सप्तशती संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संगीता सेन, मुख्य वक्ता वर्षा राजपूत,अनीता सक्सेना,सुनीता सक्सेना, इत्यादि के द्वारा सर्वप्रथम पारंपरिक विधि से दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम सरस्वती वंदना कर सप्तशती संगम कार्यक्रम प्रारंभ किया गया. जहां मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता ने कार्यक्रम में उपस्थिति मात्र शक्तियों को कुटुंब प्रबोधन विषय को लेकर संबोधित करते हुए बताया कि नारी परिवार की आधारशिला नहीं है बल्कि राष्ट्र की आत्मा है वह शिक्षा विज्ञान राजनीति प्रशासन समाज के हर क्षेत्र में भारत के हर विकास में भूमिका निभा रही है. इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मात्र शक्तियों ने अपने अनुभव साझा किया इस मौके पर विद्यालय परिवार की ज्योति जलोदिया, सपना जलोदिया, संस्था अध्यक्ष मुकेश जलोदिया,संस्था प्रभारी प्रहलाद देथलिया सहित मातृशक्ति उपस्थिति रही.

#### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 25 नवम्बर को

**राजगढ़ 21 नवम्बर, का.** जिला पंचायत राजगढ़ की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया की अध्यक्षता में 25 नवम्बर को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है. बैठक में जिला पंचायत के आय व्यय एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी.

# 77 साल बाद भी तलेन नहीं हुआ 'आयुष्मान भव:'

## गुमनामी में 14 करोड़ का सामुदायिक भवन, 1948 में बनी बिल्डिंग में आरोग्य भरोसे तलेन का जनमानस

नवभारत न्यूज

**तलेन 22 नवंबर, सं. करीब 50 से 60 हजार की आबादी, 20 किमी के दायरे में चार दर्जन से अधिक गांवों के स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करने वाले तलेन को आजादी के 77 साल बाद भी आयुष्मान भव का आर्शीवाद नहीं मिल सका है. आजादी के एक साल बाद फरवरी 1948 में मिले भवन में अस्पताल अपनी आधी अधूरी सुविधाओं के साथ संचालित हो रहा है. 5 अक्टूबर 2023 को यहां 14 करोड़ की लागत से स्वीकृति आधुनिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन हुआ लेकिन उसकी फाईल मानों जैसे दफन कर दी गई है.**

अस्पताल बनाने के लिए एक छात्रावास भवन को तोड़ दिया गया लेकिन उस खाली जगह पर भी अस्पताल यानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का काम शुरू नहीं हो पाया है. प्रसूति और अन्य गंभीर मामलों में मरीजों को सिर्फ रेफर किया जा रहा है. विभाग के शीर्ष अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है और जनप्रतिनिधि भी बेसुध है.

### ऐतिहासिक इमारत में वेंटिलेटर पर वर्तमान




फोटो में दिख रही ईमारत वर्ष 1948 में फरवरी माह में तलेन नगर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए लोकार्पित की गई थी. इस भवन में पिछले 77 सालों से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहा है. इस भवन में तलेन अंचल की आबादी अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए आश्रित है. इसके साथ जिले में अन्य स्थानों जैसे ब्यावरा, राजग़ढ़, सारंगपुर के भवन जमींदोज हो चुके है और अस्पताल नए सुसज्जित भवनों में संचालित हो रहे है. लेकिन तलेन के स्वास्थ्य का वर्तमान इस ऐतिहासिक भवन में वेंटिलेंटर पर सांसे ले रहा है.

### 05 अक्टूबर 2023 को भूमिपूजन और फाईल दफन




यह फोटो 5 अक्टूबर 2023 का है. तत्कालीन नरसिंहगढ़ विधायक राज्यवर्द्धन सिंह ने 14 करोड़ के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया. आयुष्मान भव कार्यक्रम के अंतर्गत कुरावर, बोड़ा और तलेन के लिए स्वीकृति मिली थी. बोड़ा और कुरावर में अस्पताल भवन काम शुरू हो चुका है लेकिन तलेन में अब तक जमीन तलाशी नहीं जा सकती है. तलेन के आसपास करीब 150 बीघा सरकारी जमीन का रकबा मौजूद है. यह अलग-अलग स्थानों पर है और अस्पताल बनाने के लिए काफी है. लेकिन विभाग क्यों इसके लिए तत्पर नहीं है यह स्थितियां भी स्पष्ट नहीं हो रही है.

### सुविधाएं भी पूरी नहीं हैं तलेन में

- नर्सिंग स्टाफ 6 पद मंजूर, 1 की तैनाती
- चिकित्सक के 4 पद मंजूर, 1 की तैनाती
- फॉरेंसिक 2 पद मंजूर, एक भी तैनात नहीं
- ऑपरेटर 2 पद मंजूर, 1 की तैनाती
- प्रसूति के केस बाहर रेफर हो रहे हैं.

#### इंजीनियर से चर्चा के बाद ही बता पाएंगे

मुझे इसकी पूरी जानकारी नहीं है. इस मामले में इंजीनियर ही कुछ बता पाएंगे. मैं अभी माचलपुर में हूं और सोमवार को जानकारी लेने बाद ही कुछ बता पाउंगी.

**शोभा पटेल, मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़**

### अस्पताल के लिए छात्रावास तोड़ा और मलबे को ढेर लगाया



अस्पताल बनाने के लिए नगर के उपमण्डी के पास मौजूद छात्रावास को जमींदोज कर दिया गया. इसमें छात्रावास भवन के आसपास मौजूद जगह पर अस्पताल बनाया जाना था. अब इस जगह पर आपत्ति के बाद स्टे आ चुका है ऐसे में ना अस्पताल बन पा रहा है और ना ही छात्रावास. मलबे का ढेर नजर आ रहा है. छात्रावास तोड़ने के पीछे तर्क था कि इसका भवन जर्जर है और अनुपयोगी. फिलहाल छात्रावास भी किराए के किसी भवन में संचालित हो रहा है. अब नई जगह कौन सी होगी जहां अस्पताल बनाया जाएगा यह विभाग, प्रशासन और जनप्रतिनिधि तय नहीं कर पा रहे है.

## नई शिक्षा नीति पर मार्गदर्शन एवं छात्र शिक्षक परिचर्चा

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 22 नवंबर, सं.** राज्य शिक्षक संघ द्वारा रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल मे छात्र शिक्षक परिचर्चा का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों की शैक्षणिक समझ को मजबूत करने और शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुआ. मुख्य वक्ता एवं राज्य शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव, महामंत्री दिनेश शुक्ला ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया. नई शिक्षा नीति आगामी पीढ़ी के लिए एक बड़ी सौगात है. यह नीति बच्चों को कौशल आधारित, लचीली और बहुआयामी शिक्षा की ओर ले जाती है. शिक्षक इस परिवर्तन के केंद्र है. उन्होंने यह भी कहा विद्यालय की प्रगति टीमवर्क, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का परिणाम है. संचालक रणधीर सिंह, प्रबंधक यशवर्धन सिंह ने शिक्षा में अनुशासन, तकनीक का उपयोग, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, और निरंतर अभ्यास जैसे विषयों पर प्रेरक विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर विद्यालय परिवार सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहीं.

## हेलमेट अभियान, यातायात विभाग ने ट्रैस किए 13 पुलिसकर्मी

### सर्विस बुक में दर्ज होगी लापरवाही, एसपी ने दी हिदायत

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 नवंबर, का. जिले में शासकीय कर्मचारियों में यातायात संबंधी अनुशासन ढालने के लिए हैलमेट अभियान चलाया जा रहा है. लेकिन कई कर्मचारी इसका पालन नहीं कर रहे है और हल्के में ले रहे है. अब ऐसे कर्मचारियों पर यातायात विभाग नजर रख रहा है. यातायात विभाग ने करीब 13 पुलिसकर्मियों की निगहबानी करते हुए जिला पुलिस कप्तान को सूची सौंपी है. साथ ही एसपी अमित तोलानी ने ऐसे पुलिसकर्मियों की लापरवाही को सर्विस बुक में दर्ज करने की हिदायत दी है.**

जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस की गोपनीय जांच में 13 पुलिसकर्मी बिना हेलमेट पहने गाड़ी चलाते पाए गए. सभी पुलिसकर्मी इसके बाद एसपी अमित तोलानी के सामने हाजिर हुए. पुलिस अधीक्षक ने हेलमेट नहीं पहनने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जब आप लोग ही हेलमेट नहीं पहनेंगे तो आम लोगों को कैसे हेलमेट की अहमियत समझाएंगे. पुलिस अधीक्षक की फटकार के बाद सभी पुलिसकर्मियों ने बाकायदा सारी बोलकर माफी मांगी और भरोसा दिलाया कि अब से वह बिना हेलमेट पहने गाड़ी नहीं चलाएंगे. हालांकि पुलिस अधीक्षक इससे संतुष्ट नहीं हुए और सभी को लिखित में चेतावनी दी गई. ये चेतावनी पत्र उनकी सर्विस बुक में भी दर्ज होगा. ऐसे में भले ही चालानी कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन उनको कड़ा सबक जरुर मिलेगा. पुलिस अधीक्षक ने हिदायत दी है कि आगे से बिना हेलमेट वाहन चलाते पकड़े गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. जिले में सरकारी कर्मचारियों की चेकिंग अतिरिक्त एलिस अधीक्षकये चेतावनी पत्र उनकी सर्विस बुक में भी दर्ज होगा.

#### हम लापरवाह तो पब्लिक को क्या मैसेज देंगे

एसपी श्री तोलानी ने हिदायत दी है कि आगे से बिना हेलमेट वाहन चलाते पकड़े गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. एडिशनल एसपी केएल बंजारा के नेतृत्व में यातायात निरीक्षक के द्वारा जिले में चार स्थानों पर शासकीय कर्मचारियों की चेकिंग की गई. इस दौरान उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़, कन्या शाला ब्यावरा, थाना सिटी ब्यावरा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजगढ़ में चेकिंग अभियान चलाया गया. कार से आने वालों ने सीट बेल्ट लगाया है या नहीं चेक किया गया, इसके अलावा बाकी की हेलमेट चेकिंग की गई. कलेक्टर की बैठक के बाद करीब 150 कर्मचारियों को चेक किया गया और सभी हेलमेट पहने मिले. सभी को हिदायत दी गई कि यदि बिना हेलमेट कोई भी मिला तो उनके नाम संबंधित विभाग को भेजे जाएंगे, जहां से अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला का प्राणांत

**ब्यावरा 22 नवम्बर, का.** शनिवार की शाम को सुठालिया रोड पर ग्राम धानियाखेड़ी के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाईक को टक्कर मार दी, दुर्घटना में बाइक सवार महिला ने गंभीर चोट के चलते दम तोड़ दिया. सिटी पुलिस के अनुसार ग्राम नेवज निवासी रामसिंह वर्मा अपनी पत्नि रानीबाई उम्र 45 वर्ष के साथ बाइक द्वारा किसी कार्य से राजगढ़ जा रहे थे कि शाम करीब 4.30 बजे धानियाखेड़ी के यहां किसी अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी. दुर्घटना में महिला को गंभीर चोट आई, जिन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया. दुर्घटना में पति को भी चोट आई है. पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर वाहन की तलाश शुरु कर दी है.

# खेल मैदान पर अव्यवस्थाएं : नोटिस जारी

**एकमात्र खेल मैदान पर अव्यवस्थाएं हावी**

**निरीक्षण में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने जताई नाराजगी, कारण बताओ नोटिस**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 नवम्बर, का. नगर का एकमात्र सार्वजनिक खेल मैदान स्थानीय क्लब ग्राउण्ड है किंतु यह मैदान वर्षो से दुर्दशा का शिकार होकर अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है. मैदान में अनेक जगह गड्ढे होकर गाजर घास उग रही है, जिसके कारण खिलाड़ियों का खेलना भी कठिनाईयों भरा हो रहा है.**



स्पोर्ट क्लब पर व्यवस्थाओं में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**खेल गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही है.**

शनिवार को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ने पब्लिक स्पोर्ट क्लब ग्राउण्ड पहुंचकर निरीक्षण कर जायजा लिया जिसमें यहां काफी अव्यवस्थाएं मिली. ग्राउण्ड के बाहर नाली चोक होने से पानी ओवरफ्लो होकर आसपास फैल रहा है. साथ ही क्लब ग्राउण्ड पर तैनात कर्मचारी भी इस दौरान अनुपस्थित मिले. अव्यवस्थाओं को देखते हुए नपाध्यक्ष द्वारा संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गये. इसी दौरान पब्लिक स्पोर्ट क्लब संचालन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत त्रिपाठी भी मौजूद रहे. उन्होंने क्लब की वर्तमान स्थिति और आसपास की नालियों की समस्याओं से अध्यक्ष प्रतिनिधि को अवगत कराया. अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर नाली की तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए गये साथ ही ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए भी कहा.

नपाध्यक्ष ने कहा कि स्पोर्ट क्लब ग्राउण्ड पर व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. इस अवसर पर मुकेश सेन, इंदर अहिरवार सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

## जानकार व्यक्ति से ही एसआईआर फॉर्म भरवाएं




नवभारत न्यूज

**झाड़ला 22 नवंबर, सं.** मोहन शर्मा विधायक द्वारा ग्राम झाड़ला पंचायात भवन बैठक की और गांव पैदल घूम कर आम जनमानस को स्पेशल इंटेन्शिव रिवीजन के संबंध में समझाईस दी. उन्होंने गणना पत्रक वितरण और सत्यपान की जानकारी ली एवं स्वयं द्वारा भी ग्रामीणों से अपील कर कहा कहा की बूथ लेवल ऑफिसर से गणना पत्रक को अच्छे से समझ कर भरे. कई स्थानों पर देखा जा रहा है कि फॉर्म बहुत अव्यवस्थित तरीके से भरे जा रहे हैं, जिसके कारण आगे चलकर आपकी ही गलती निकालकर नाम काटे जा सकते हैं, जैसा कई राज्यों में हुआ है. आप किसी जानकार, समझदार और भरोसेमंद व्यक्ति से ही फॉर्म भरवाएँ.

ऐसा न हो कि उनकी गलती की सजा आपको मिले और आपका नाम मतदाता सूची से कट जाए. झाडला मे बूथ क्रमांक 209 934 मतदाता मे 380 जबकि 208 मे 1097 मतदाता मे से 450 का सत्यापन ऑनलाइन हो गया है. इस मोके गांव के बीएलओ दिनेश कुमार गुप्ता, बीएलओ अवध वर्मा, मनोहर लाल प्रजापति सचिव, पटवारी शिवम सिंह, सरपंच देवीप्रसाद देरवाल, दिनेश दांगी, डॉ गोपाल भिलाला, रवि देरवाल झाडला मंडल अध्यक्ष, मोहन दांगी सरपंच सुकलिया सहित सेकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहे.



## धीमी प्रगति, असमंजस में भी फंस रहे बीएलओ

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 22 नवंबर, सं.** प्रदेश भर में स्पेशल इंटेसीव रिवीजन एसआईआर मतदाता सूची का विशेष गहन अभियान तेजी से चल रहा है. 4 दिसंबर तक पूरा करना है उक्त अभियान में संकुल स्तर के अंतर्गत लगभग 30 से 35 बीएलओ है लेकिन उनके सामने कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है खासकर ग्रामीण क्षेत्र में एक घर पर बीएलओ को तीन-तीन बार पहुंचना पड़ रहा है. पहली बार गणना पत्रक वितरित दूसरी बार एकत्रित लिए पहुंचते हैं. तो खाली फॉर्म थमा दिया जाता है जिससे हैरान परेशान हो जाते हैं. तब मतदाता कहता है कि हमें नहीं आता आप ही भर लीजिए ऐसे में मतदाता समय से अपनी जानकारी भी उपलब्ध नहीं करता है. वहीं जिस महिला का 2003 मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण उनके मायका से माता-पिता के नाम एपिक नंबर विधानसभा क्षेत्र भाग संख्या क्रमांक इत्यादि जानकारी के लिए मोबाइल द्वारा सूचना दी जाती है. तो कहा जाता है कि मैं अभी में माल में हूं राथै बतऊंगा) (कांदा लसन नींदरिया है)वहीं कहीं मतदाता तो आवास नहीं मिला इत्यादि योजनाओं के बारे में सवाल जवाब करते हैं. वही डाटा एंट्री के दौरान जिस ऐप पर फॉर्म अपलोड होते हैं. बीएलओ एवं सहयोगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 60 से 70 फॉर्म सुबह से शाम तक भर पा रहे हैं. ऐसी कई प्रकार की परेशानियों से निकलकर पड़ाना नगर के पांचो बुथ क्रमांक पर बीएलओ श्याम पाटीदार बुथ क्रमांक 134 पर 907 पंजीकृत मतदाताओं में से 750 कलेक्ट कर 618 ऑनलाइन,वही तारीक अंसारी बुथ क्रमांक 136 में पंजीकृत मतदाता 1136 में से 850 कलेक्ट 535 ऑनलाइन, सोहेल अंसारी बुथ क्रमांक 135 पर 751 मतदाता में से 505 कलेक्ट कर 450 ऑनलाइन, चंद्रेश सक्सेना बूथ क्रमांक 132 पर 1030 मतदाता में से 850 कलेक्ट कर 550 ऑनलाइन, अनीस अंसारी बुथ क्रमांक 133 पर 1350 मतदाता में से 900 कलेक्ट 700 चढ़ाए गए वही ग्राम पंचायत मऊ में बुथ क्रमांक 137 -138 में एसआईआर चढ़ाए गए.

**कला** ▶ **दिल्ली में जिले के प्रभारी मंत्री ने जिले के हैण्डलूम का परिचय देश के हैण्डलूम निर्माताओं से कराया**

# महेश्वर साड़ी, भैरवगढ़ बुटिक के बीच पड़ाना हैण्डलूम की धूम

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 22 नवंबर, सं.** आईआईटीएफ न्यू दिल्ली प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में मध्य प्रदेश पवेलियन का उद्घाटन मध्य प्रदेश का सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप द्वारा शुक्रवार को विधिवत किया गया. जिसमें मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप ने राजगढ़ जिले के स्टाल का अवलोकन कर जिले में हो रहे हैंडलूम की चादर बेडसीट बेडकवर साड़ी शूट्स एवं हैंडलूम उत्पाद प्रशंसा करते हुए दिल्ली के लोगों को उसकी खासियत से अवगत करवाया. मध्य प्रदेश पवेलियन




में मध्य लगभग 20 से 25 स्टाल लगाए गए हैं जिसमें प्रदेश के उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शनी के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है और मध्य प्रदेश का नाम की दिल्ली में धूम मची है. जिसमें राजगढ़ जिले के उत्कृष्ट स्वयं सहायता समूह के द्वारा हथकरघा पर प्योर कॉटन की चादर बेडशीट बेड कवर शाजापुर की साड़ी भैरवगढ़ का बटिक प्रिन्ट महेश्वर चंदेरी की साड़ी देवास का लेदर पर्स बुधनी के लकड़ी के खिलौने को दिल्ली में खूब पसंद किया जा रहा है. इस अवसर पर रईस खान सारंगपुर सिटी मास्टर नितिन तिवारी सीहोर,देवीलाल मालवीय जितेंद्र मालवीय जावेद अंसारी नवाब अंसारी नाजिया खान नसीम बी रईस अहमद सैफ अंसारी अदनान अंसारी राहुल कुमार शामिल रहे.

### बुनकरों ने फिर की एचएसडीसी के धागे की मांग

बीते 4 सितम्बर को सारंगपुर एवं पड़ाना का बुनकरो का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाकर अतिरिक्त मुख्य सचिव एस के गुप्ता एवं आयुक्त हस्त शिल्प एवं हथकरघा मदन कुमार से मिला था. उस समय बुनकरों ने बताया कि जॉब वर्क समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है एवं बुनकरों को मजदूरी का भुगतान भी समय पर नहीं मिल रहा है. पिछले दो वर्षों से कमर्शियल उत्पादन का धागा भी प्राप्त नहीं हो रहा है. अपनी मांगों का ज्ञापन पत्र भी सोप कर कहा की कमर्शियल उत्पादन करने के लिए एनएचडीसी से ही धागा किया जाए किया जाए. क्योंकि एनएचडीसी से धागा क्रय करने पर उत्पादन की क्वालिटी उत्तम किस्म की रहती है अन्य किसी मिल से धागा क्रय करने पर धागा प्योरिटी की संभावनाएं कम रहती है. समस्याओं को सुनकर श्री गुप्ता एवं आयुक्त श्री मदन कुमार ने बुनकरों की सभी मांगों को तुरंत स्वीकार करते हुए आगामी मार्च 2026 तक का उत्पादन कार्यक्रम तेयार कर बुनकरों को आदेश देने हेतु निर्देशित किया.